# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, बुधवार 13 दिसंबर 2023






**SHOWROOMS: CHHATTISGARH: BILASPUR:** RENAULT Bilaspur Mob: +91 8448989103. **AMBIKAPUR:** RENAULT Ambikapur Mob: +91 8448987107. **BALODA BAZAR:** RENAULT Baloda Bazar Mob: +91 8448481393. **BHILAI:** RENAULT Bhilai Mob: +91 7290017807. **DHAMTARI:** RENAULT Dhamtari Mob: +91 7838724613. **JAGDALPUR:** RENAULT Jagdalpur Mob: +91 7428297117. **KORBA:** RENAULT Korba Mob: +91 9319184879. **RAIPUR:** RENAULT Raipur Mob: +91 7290017983, RENAULT Mowa Mob: +91 8448481395. **RAJNANDGAON:** RENAULT Rajnandgaon Mob: +91 7428438931.

## खबर संक्षेप

### इंजीनियरिंग कॉलेज में महिला सशक्तिकरण पर सेमीनार

**अम्बिकापुर।** विश्वविद्यालय इंजीनियरिंग कॉलेज द्वारा महिला शिकायत एवं निवारण प्रकोष्ठ एवं रासेयो के संयुक्त तत्वाधान में मंगलवार को महिला सशक्तिकरण और कार्यस्थल में महिलाओं की विभिन्न पहलुओं विषय पर सेमीनार का आयोजन श्रीमती वंदना दत्ता, श्रीमती सुनिधि शुक्ला के आतिथ्य में किया गया। प्राचार्य डॉ. आर एन खरे ने महिला सुरक्षा और उनसे जुड़े अधिनियमों की जानकारी दी। श्रीमती वंदना दत्ता ने महिला सशक्तिकरण पर अपने अनुभवों को साझा किया। श्रीमती सुनिधि शुक्ला ने महिलाओं में शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत होने सुरक्षा के लिए कार्य स्थल पर सुरक्षित वातावरण बनाने पर बल दिया। उन्होंने महिलाओं के आत्मरक्षा के तरीकों के बारे में बताया। महीधर दुबे ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान श्रीमती पूनम दीवान, श्रीमती जैस्मिन मिंज, अदिती सिंह सहित अन्य प्राध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

### नाबालिग किशोरी का अपहरण, अपराध दर्ज

**अंबिकापुर।** नाबालिग को बहला फुसलाकर ले जाने के मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया है। कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना अंतर्गत ग्राम रजपुरी खुर्द निवासी ग्रामीण की पुत्री कक्षा 6 वीं की पढ़ाई करने के बाद घर में रहती थी। 16 वर्षीय किशोरी अपनी दीदी के घर धान काटने के लिए लोटाबहरा गई हुई थी और दीदी के घर से चार दिनों बाद वापस लौटी थी। 6 दिसंबर को किशोरी दोपहर लगभग डेढ़ बजे घर से बिना बताए कहीं चली गई। परिजन द्वारा किशोरी की पता तलाश की जा रही थी लेकिन कोई सुराग नहीं मिलने पर परिजन द्वारा मामले की शिकायत कोतवाली पुलिस से की गई है। पुलिस द्वारा मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 363 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### बाइक से गिरकर घायल वृद्धा की उपचार के दौरान मौत

**अंबिकापुर।** सड़क दुर्घटना में घायल वृद्ध महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। घायल वृद्धा को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है। अस्पताल पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सीतापुर अंतर्गत ग्राम बटईकेला निवासी 65 वर्षीया मनमतिया खलखो पति स्व. रूगटु खलखो 9 दिसंबर को दामाद बृहमोहन के घर ग्राम कतकालो गई हुई थी। 11 दिसंबर को वृद्धा दामाद के साथ बाइक से वापस बटईकेला लौट रही थी। इस दौरान सीतापुर मुख्यमार्ग पर ग्राम डूमरपारा के समीप वृद्धा बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल वृद्धा को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीतापुर में भर्ती कराया गया था जहां से उसे डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया था। परिजन द्वारा संजीवनी एम्बुलेंस 108 की मदद से वृद्धा को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उपचार के दौरान आज मौत हो गई। वृद्धा की मौत के बाद सूचना के बाद पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर लाश को पीएम उपरांत परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है और घटना की जांच जारी है।

**न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र....../अ-20(3)/2022-23

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदिका श्रीमती सुरेखा शर्मा पत्नी श्री व्यास नारायण शर्मा निवासी केदारपुर अम्बिकापुर थाना व तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ.ग. के द्वारा अपने स्वामित्व की मोहल्ला केदारपुर नगर अम्बिकापुर शीट नम्बर 01 स्थित नजूल प्लाट नम्बर 158/1, 158/4 रकबा क्रमशः 0.01½, 0.01½ एकड़ भूमि को बैंक में बंधक रखकर ऋण प्राप्त करने की अनापत्ति हेतु आवेदन पत्र मय शपथ पत्र, मेंटनेंस खसरा की छायाप्रति के साथ पेश किया गया है।

उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक- 22/12/2023 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा।

आज दिनांक 06/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

**नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर**

## रात के समय राहगीर व यात्रियों को होती है परेशानी

# शहर के सार्वजनिक स्थानों पर नहीं जल रहे अलाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर



जिले में ठंड ने अपना तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में शाम ढलते ही पारा गिरने लगी है। ठंड के बढ़ने से अब लोग गर्म कपड़ों व अलाव का सहारा लेना शुरू कर दिए है। हैरानी की बात यह है कि ठंड बढ़ने के बावजूद शहर के प्रमुख चौक-चौराहों व सार्वजनिक स्थानों में अलाव की व्यवस्था नहीं होने से लोग परेशान है। बस स्टैण्ड में अलाव की व्यवस्था नहीं होने से रात्रि में सफर करने वाले यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

**खास बात**
- बारिश के बाद जिले में बढ़ी ठंड, ग्रामीण क्षेत्र में ले रहे अलाव का सहारा

दिसंबर माह के शुरुआत से ही पारा गिरने से दिन व रात के तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। पिछले सप्ताह बारिश होने के बाद बादल छटने से तीन दिनों के भीतर ही पारा गिरने से रात के समय कड़ाके की ठंड पड़ने लगी है। हालांकि आसमान में हल्का बादल छाने से ज्यादा ठंड का एहसास नहीं हुआ परंतु पिछले दो दिनों से सर्द हवा चलने से दिन में भी गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड रहा है। सुबह के समय धूप का सहारा मिल जाती है परंतु शाम के बाद ठंड का असर शुरू हो जाता है। ऐसे में रात के समय सफर करने वाले राहगीरों व यात्रियों को ठंड की मार झेलनी पड़ती है। नगर निगम द्वारा लोगों को राहत दिलाने शहर के भीड़भाड़ वाले चौक चौराहों में अलाव की व्यवस्था की जाती है लेकिन इस वर्ष अभी तक अलाव की व्यवस्था नहीं की गई है। ऐसे में रात के समय लोगों को ठंड के कारण काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है जबकि पारा नीचे गिरने से रात के समय गर्म कपड़े का असर भी कम हो जाता है। जिस तरह से ठंड पड़ने लगी है ऐसे में चौक चौराहों व सार्वजनिक स्थानों में अलाव की व्यवस्था नहीं होने से ऑटो चालक, रिक्शा चालक सहित रात के समय सफर करने वाले यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

### लोगों की बढ़ी परेशानी

ठंड शुरू होने से पूर्व ही नगर निगम द्वारा राहगीर व यात्रियों की सुविधा के लिए अलाव की व्यवस्था करती है। इस वर्ष ठंड बढ़ने के बाद भी सार्वजनिक स्थानों पर अलाव की व्यवस्था नहीं की गई है जिससे बस स्टैण्ड, मेडिकल कॉलेज अस्पताल जहां लोगों की काफी भीड़ होती है। रात में सफर करने वालों की संख्या अधिक होती है ऐसे में बस स्टैण्ड पहुंचने वाले यात्रियों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है। इसी तरह मेडिकल कॉलेज अस्पताल में जिले से बड़ी संख्या में ग्रामीण दूर-दराज क्षेत्र से मरीज लेकर आते है परंतु अलाव नहीं होने से अपने साथ लाए कुछ कपड़ो से रात गुजारने को मजबूर है।

### बिना गर्म कपड़ों के गुजरते हैं रातें

शहर में विक्षिप्तों की संख्या काफी बढ़ गई है जो दिन में इधर उधर घूम कर समय काट लेते है परंतु रात के समय किसी दुकान के सामने सो कर रात व्यतीत करते है। जबकि रात के समय ऐसे कई रिक्शा व ऑटो चालक देर रात आने वाली यात्रियों के इंतजार में बस स्टैण्ड व चौक चौराहों पर रहते है परंतु बस स्टैंड व चौक चौराहों पर नगर निगम द्वारा अलाव की व्यवस्था नहीं होने से उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।



## युवती के शरीर में नाग की आकृति देख पूजा अर्चना करने उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महंगई

आधुनिकता के इस दौर में एक ओर जहां लोग चंद्रमा तक पहुंच चुके है वहीं दूसरी ओर आज भी लग अंधविश्वास के जंरीरों में जकड़े हुए है और आज भी ग्रामीण क्षेत्र में अंधविश्वास की खबरे भी बढते क्रम में है। जिले के रामानुजनगर विकासखंड क्षेत्र स्थित ग्राम मोहनपुर निवासी युवती की शरीर में नाग का चित्र देखे जाने का मामला सामने आया है। युवती की शरीर में नाग का चित्र देख अब लोग बड़ी संख्या में युवती के घर पूजा अर्चना करने में जुट रहें है। इधर परिजनों का दावा है कि पहले युवती मानसिक रूप से परेशान रहती थी, जिसका उपचार कई जगहों पर करा चुके थे। परंतु कुछ दिन पूर्व अचानक उसके शरीर पर नाग का चित्र देखा गया। युवती के शरीर पर नाग का चित्र होने की खबर आसपास क्षेत्र में आग की तरह फैल गई और अब बड़ी संख्या में लोग उसके घर आकर पूजा पाठ शुरू कर दिया। रोजाना पूजा पाठ करने दूर-दूर से लोग जुटने लगे।

## पत्नी का हत्यारा पति चढ़ा पुलिस के हत्थे, गया जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सूरजपुर/प्रतापपुर

शराब पीने के आदि ग्रामीण ने शराब पीने के लिए पैसा नहीं देने और न ही धान बेचने देने से न सिर्फ नाराज हो गया बल्कि पत्नी पर टांगी से प्राणघात हमला कर मौत के घाट उतार दिया। घटना की रिपोर्ट पर चंदौरा पुलिस ने आरोपी पति के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

- शराब पीने के लिए पैसा नहीं देने पर पत्नी को उतारा था मौत के घाट



जानकारी के अनुसार चंदौरा थाना अंतर्गत पुलिस चौकी रेवटी क्षेत्र के ग्राम पहाड़ करवां निवासी लक्ष्मण प्रसाद आ. रामलखन (30 वर्ष) शराब पीने का आदि था। रविवार को लक्ष्मण प्रसाद शराब पीने के लिए पत्नी बिगनी से पैसा मांग रहा था। पत्नी ने पैसा नहीं होने की बात कहकर मना कर दिया। पत्नी के मना करने पर शराब पीने के लिए घर में रखे धान को निकालने लगा। जिसे देख पत्नी ने मना किया तो लक्ष्मण आक्रोशित हो गया और पैसा नहीं देने तथा धान नहीं निकालने देने पर घर में रखे टांगी से पत्नी के सिर पर प्राणघात हमला कर दिया जिससे पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई। इधर घटना की जानकारी ग्राम पकनी निवासी बहन जानकी सिंह ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी पति के विरूद्ध धारा 302 के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। आज मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने आरोपी पति को गांव से ही गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी पति लक्ष्मण सिंह ने पुलिस को बताया कि शराब पीने के लिए पत्नी द्वारा पैसा नहीं देने तथा धान निकालने से मना करने पर उसकी हत्या कर दिया। बहरहाल पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी नीलिमा तिर्की, एएसआई राम सिंह, प्रधान आरक्षक शैलेष सिंह, भागवत दयाल पैंकरा, आरक्षक मिथलेश गुप्ता, भुनेश्वर प्रसाद व अमृत लाल सक्रिय रहे।

## छत्तीसगढ़ का अग्रणी ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल अब अम्बिकापुर में भी

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ में बिलासपुरए कोरबाए में संचालित ब्रिलियंट पब्लिक स्कूलए अब सरगुजा अंचल में शिक्षा की उच्च स्तरीय सुविधाओं के साथ ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल वसुंधरा अम्बिकापुर मेंए प्रारंभ किया गया है। इसमें वर्ष 2024.25 सत्र के लिये प्रवेश हेतु विद्यार्थियों का पंजीकरण चालु है। इसके लिये सिटी ऑफिसए 27ए नगर निगम ऑफिस के सामने केदारपुरए अम्बिकापुर में संपर्क किया जा सकता है । ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल की पहचान उच्च स्तरीय शिक्षा बच्चो का संपूर्ण विकास, संस्कार, अनुशासन के लिये पूरे छत्तीसगढ़ मे स्थापित है। बच्चों की शिक्षा के लिये विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर और उच्च शिक्षित शिक्षक.शिक्षिकाओं तथा सांस्कृतिकए खेलकूद व सीबीएसई के बोर्ड के परिणामों में विद्यार्थियों की उच्च उपलब्धियां विद्यालय को अग्रणी बनाती हैं। इनमें कुछ गौरवशाली उपलब्धियों में मास्टर संजय ध्रुव ने सीबीएससी 2023 बोर्ड में 95ः तथा जेईई में एआईआर में 8वाँ रैंक प्राप्त किया इसी प्रकार नीट व जेईई में सफल विद्यार्थियों में कृषणा खटुजाए पलक कौशिक एवं श्लोक झा ने गौरवशाली उपलब्धि प्राप्त की। ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल वसुंधराए अम्बिकापुर की स्थापना का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों मे नेतृत्व क्षमता क्रिएटिविटीए बुद्धि का विकासए भविष्य के प्रति महत्वांकांक्षा व उन्नति को विकसित करना आदि पद्धतियों को आसान व प्ले वे मेथड से सिखाया जाता है। ब्रिलियट पब्लिक स्कूल वसुंधराए अम्बिकापुर का प्रमुख विशेषताओं मेए एनईपी 2020 से जुड़े सीबीएसई के पाठ्यक्रम 3 वर्ष से 13 वर्ष तक के छात्र.छात्राओं ;कक्षा 7 तकद्ध प्रवेश विश्वस्तरीय व अत्याधुनिक टेकनालाजी का स्कूल कैम्पसए प्रत्येक क्लास मे केवल 20रू1 स्टूडेंट्स व टीचर का अनुपातए प्रशिक्षित व शिक्षित टीचर्स जो देश के विभिन्न स्थानों के हैए विद्यार्थियो की सुरक्षा हेतु केम्पस में सीसीटीवी कैमरे एवं राष्ट्रस्तर की खेल.कूद सुविधायें उपलब्ध हैं। स्कूल कैम्पसए वसुंधरा ग्रीन वैली के पासए लाल माटीए रायगढ़ रोडए अम्बिकापुर में स्थित है।

**एजुकेशन प्लस**



## अभ्युदय युथ क्लब ने बच्चों के बीच कराई खेलकूद प्रतियोगिता

**अंबिकापुर।** एकल अभियान अभ्युदय यूथ क्लब द्वारा आयोजित खेल प्रतियोगिता का समापन भव्य रूप से किया गया। इस दौरान प्रतियोगिता में ग्रामीण अंचल के बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। बता दें कि एकल अभियान अभ्युदय यूथ क्लब द्वारा ग्रामीण अंचल की प्रतिभा को खेलकूद के माध्यम से उभारने का का प्रयास किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीण बच्चों को बेहतर खिलाड़ी बनाना है। इस अभियान के तहत बच्चों के बीच पांच प्रकार के खेलों का आयोजन किया जाता है जिसमें ग्रामीण बच्चों को धन की आवश्यकता ना पड़े। शहर के रामानुज क्लब में आयोजित प्रतियोगिता के उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कृष्ण कुमार अग्रवाल शामिल हुए। प्रतियोगिता में 380 बच्चों ने हिस्सा लिया। इस दौरान बच्चों के बीच खेल कबड्डी, कुश्ती, ऊंची कूद, लंबी कूद, दौड़ की प्रतियोगिताएं कराई गई। सरस्वती महाविद्यालय के 22 शिक्षकों द्वारा खेल के निर्देशों के अनुसार इसे संपन्न कराया गया। खेल प्रतियोगिता के समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर योगेंद्र गहरवार शामिल हुए। इस दौरान विजेता प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान भगवान दास बंसल, वैष्णव जायसवाल, विनोद अग्रवाल, प्रेम शंकर द्विवेदी, कैलाश चंद्र दीक्षित, श्रीमती नीना सिंह, किरण सोनी, कृष्णा शर्मा, सिद्धि दीक्षित, नीलम पांडे, वसुधा तिवारी, श्रद्धा खेर पांडे, ज्योति द्विवेदी, मधु शर्मा, किरण याज्ञीक, छबिलाल, संतोष यादव, वीरेंद्र ज्योति द्विवेदी सहित अन्य मौजूद थे।



### अग्निवीर थल सेना भर्ती का आयोजन 15 से

**बैकुण्ठपुर।** प्रभारी जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि सेना भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा जांजगीर चांपा जिले में 15 से 23 दिसंबर तक पुलिस लाईन खोखराभांठा जांजगीर में अग्निवीर थल सेना भर्ती का आयोजन किया जा रहा है। इस थल सेना भर्ती रैली के लिए अप्रैल 2023 में ऑनलाईन सामान्य प्रवेश परीक्षा सीईई का आयोजन किया गया था।

## जीवन ज्योति हॉस्पिटल में निःशुल्क हेल्थ चेकअप कैंप

**अम्बिकापुर।** मंगलवार को जीवन ज्योति हॉस्पिटल के सफलतापूर्वक 13 वर्ष पूर्ण होने पर अस्पताल के नये कैथलैब का औपचारिक उदघाटन किया गया, किन्तु इसका अनौपचारिक उद्घाटन 5 नवम्बर को हो चुका है। उद्घाटन उपरांत लैब में 5 एंजियोग्राफी एवं 3 एंजियोप्लास्टी हो चुका है। इस अवसर पर अस्पताल द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में संस्था के नए हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. चेतन चतुर्वेदी ने 100 से अधिक मरीजों को परामर्श दिया। जनरल मेडिसिन, हड्डी रोग विभाग, न्यूरो विभाग, स्त्री रोग विभाग, पैथलॉजी विभाग के डॉक्टरों ने भी मरीजों का उपचार किया। उद्घाटन के दौरान पार्षद जितेंद्र मिश्र ने बताया कि जीवन ज्योति हॉस्पिटल संभाग के लिए एक अनमोल हीरे के समान है, जहां स्वास्थ्य की गुणवत्ता को कोई भी पीछे नहीं कर पाता। अच्छा इलाज का भरोसा चाहिए तो जीवन ज्योति उस मापदण्ड में उत्कृष्ट है। अस्पताल की डायरेक्टर श्रीमती संध्या सिंह ने उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया।

**हेल्थ प्लस**



### सब्जी खरीदने गए युवक की बाइक चोरी, जुर्म दर्ज

**अंबिकापुर।** सब्जी खरीदने गए युवक की बाइक चोरी के मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। बतौली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम चिरंगा निवासी 40 वर्षीय छिहत्तर सिंह आ. साधारण सिंह खेती किसानी का काम करता है। ग्रामीण 7 दिसंबर को अपनी बाइक क्रमांक सीजी 15 डीई 8704 से साप्ताहिक बाजार बतौली गया हुआ था। इस दौरान उसने अपनी बाइक को बीआरसी कार्यालय के समीप खड़ा कर दिया और बाजार में सब्जी खरीदने चला गया था। युवक जब वापस लौटा तो उसकी बाइक गायब थी। खोजबीन के बाद भी जब युवक की बाइक नहीं मिली तो उसने बतौली पुलिस से मामले की शिकायत की थी। पुलिस द्वारा मामले में जांच के बाद धारा 379 के तहत अपराध दर्ज किया गया है और आरोपी की तलाश की जा रही है।

**TOP IN SURGUJA**

**गायत्री हॉस्पिटल**
मेडिसीन विभाग | नेत्र रोग विभाग | दंत रोग विभाग | स्त्री रोग
चर्म रोग विभाग | सर्जरी विभाग | शिशु रोग | हड्डी रोग
आईसीयू एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध डॉक्टर अब अम्बिकापुर में
दिनांक - 17 दिसम्बर 2023, रविवार
डॉ. सिद्धार्थ साहू — MBBS, MS General Surgery, DNB Neurosurgery, न्यूरोसर्जन विशेषज्ञ
डॉ. करण सराफ — MBBS, MD MEDICINE, DM (NEPHROLOGYO, CUNSULTANT NEPHROLOGIST & TRANSPLANT PHYSICIAN
डॉ. रितेश रंजन — MBBS, MS, MCH (Mumbai), Neonatal & Pediatric Surgeon
गायत्री हॉस्पिटल — CREATING HEALTHY TOMORROW, A MULTISPECIALITY HOSPITAL, 24x7
पता - बनारस रोड, पी. जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर 9424250281, 8120906000, 8120809000

**SRS HOSPITAL** न्यूनतम दर उच्चतम सेवा
हमारी उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं
- जनरल मेडिसिन, सर्जरी रोग, हड्डी रोग, स्त्री रोग, नेत्र रोग, एवं बाल हृदय रोग सभी प्रकार के सर्जरी की सुविधा, आयुष्मान कार्ड द्वारा उपलब्ध है
- 24X7 आपातकालीन सुविधा, क्रिटिकल केयर एवं ट्रामा केयर एडवांस आई. सी. यू. यूनिट, निःशुल्क डायलिसिस की सुविधा
- 24X7 फार्मेसी एवं डायग्नोस्टिक सेवाएं उपलब्ध
24/7 More information call us +91 96176 05000, +91 70499 85558
जिला अस्पताल रोड, मणिपुर स्कूल के पास अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ. ग.)

**अमृत काढ़ा काजमी** — यह दवा मात्र तीन खुराक के सेवन से 8 प्रकार के बुखारों को 100 प्रतिशत ठीक करती है।
**विजरा माल्ट** — यह दवा पुरूष बांझपन एवं नपुंसकता का विश्व का सबसे उत्तम दवा है। पैथोलैब टेस्ट में एक भी शुक्र कीट मिलने पर 100 प्रतिशत ईलाज।
**विजरा पावर** — यह दवा पहले दिन पहले खुराक से ही सेक्स की कमजोरी को दूर कर शीथिलता एवं शीघ्रतपन को समाप्त कर सम्पूर्ण आनंद की अनुभूती करायेगा
निर्माताः- चिराग हर्बल- घड़ी चौक, अम्बिकापुर, वैद्य जी मो. 9826461355

**सरगुजा मार्केट**

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर **मूत्र रोग विशेषज्ञ** परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
दिनांक 15 दिसंबर 2023 दिन-शुक्रवार
**डॉ. राहुल कपूर** (Laparoscopy Urosurgeon)
उपलब्ध सुविधा
- आयुष्मान कार्ड से ईलाज।
- दूरबीन से (बिना चीर फाड़) ऑपरेशन।
- किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन. BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का आप्रेशन।
- पेशाब रास्ते का सिकुड़न।
- किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, पोस्टटेट कैंसर का ईलाज।
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल — MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला सरगुजा)

**गुप्त रोग** का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
16 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

पथरी मतलब **लेजर हॉस्पिटल**
क्योंकि यहां प्रतिदिन उपलब्ध है संभाग के एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
- आधुनिक लेजर मशीन द्वारा पथरी का ईलाज
- 10,000 से अधिक मरीजों का सफल ऑपरेशन
लेजर हॉस्पिटल
Add:- कोठीघर के पास, जिला अस्पताल रोड, अम्बिकापुर
Mo. No. 07774-22500, 6269814276, 9542344694, 9434062770

**गुप्त रोग** का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनैरिया, संतान न होना, शुक्राणु की कमी आदि सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध है
कहीं से भी ईलाज कराने से पहले एक बार जरूर मिलें
**डॉ. एस. कुमार**
माँ शारदा आयुर्वेदिक क्लीनिक
स्थायी पता : भैयाथान रोड, अग्रसेन भवन के पास, मिश्रा गली के बगल में, सूरजपुर (छ.ग.)
6260666291, 7908772802

पहली बार भगन्दर, फिशर्स और पाइल्स का सफल इलाज अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
आपके शहर अम्बिकापुर (छ.ग.) में
**लेज़र मशीन द्वारा**
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फ़िशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेज़र के फायदें
- ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ।
- रक्तस्राव व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी।
- किसी भी पारंपरिक इलाज से बहुत प्रभावी एवं गुणकारी।
- फिर से होने की संभावना सबसे कम।
- कम से कम समय में काम पुनः शुरू कर सकते है।
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें
**डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल**
भारत माता चौक, रायगढ़ रोड, खरसिया नाका, अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा 497001 (छ.ग.)
मो. 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

**Health Town**
**मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल**
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी) — पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध — जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : कटोरा तालाब स्वपनिल नर्सिंग होम के पास मो. 9406004581
बिलासपुर : सीएलसी प्लाजा, मंगला चौक, रतन लस्सी के पास, मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 13 दिसम्बर 2023

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज


तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री


4 गुदरी बाजार की सड़कों-गलियों पर व्यापारियों का कब्जा, सड़क के दोनों ...




## खबर संक्षेप

### सुविधा प्रशिक्षण 13 व निर्वाचन व्यय लेखा समाधान की बैठक 29 को

**सूरजपुर।** प्रत्येक अभ्यर्थी दाखिल निर्वाचन व्यय लेख पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की नियम 78 एवं निर्वाचनों का संचालन नियम 1961 के नियम 89 के अधीन संवीक्षा रिपोर्ट तैयार करने हेतु 13 दिसंबर को एक दिवसीय फैसिलिटेशन प्रशिक्षण सुबह 11 बजे व 29 दिसंबर को लेखा समाधान सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक बैठक संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित किया जाना है। जिसमें व्यय प्रेक्षक, जिला व्यय अनुवीक्षण समिति, सहायक व्यय प्रेक्षक, व्यय लेखा दल के समक्ष निर्वाचन व्यय लेखा संबंधित समस्त बिल, वाउचर, बैंक पासबुक, बैंक स्टेटमेंट एवं संबंधित दस्तावेजों सहित वर्णित तिथियों पर सभी संबंधित को उपस्थित होना है।

### सड़क दुघर्टना में एक युवक की मौत, दूसरा गंभीर

**अम्बिकापुर।** विकासखण्ड लखनपुर अंतर्गत राजा कटेल मार्ग स्थित डामर प्लांट के पास बाइक सवार अनियंत्रित होकर गिर गए, जिसमें एक युवक की मौत हो गई, वहीं दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्राम राजा कटेल निवासी नितिन तिग्गा पिता वीर किसुन तिग्गा (20 वर्ष) अपने साथी विपिन मिंज पिता केश्वर मिंज (18 वर्ष ) के साथ सोमवार को मोटरसाइकिल में अम्बिकापुर गया था। रात 7.30 बजे घर लौटने के दौरान युवक तेज रफ्तार से नवापारा जा रहे थे तथा राजा कटेल डामर प्लांट के पास तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। दुघर्टना में गंभीर रूप से घायल युवकों को लोगों की मदद से एंबुलेंस माध्यम से अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर ने नितिन तिग्गा को मृत घोषित कर दिया, वहीं विपिन मिंज की गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रिफर किया गया। मंगलवार को पुलिस ने पीएम करा शव परिजनों के सुपुर्द कर मामले की जांच में जुटी है।

### सड़क पर पैदल चल रहे युवक की बाइक की टक्कर से मौत

अंबिकापुर। सड़क पार करते समय बाइक की टक्कर से घायल युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जशपुर जिले के सुरंगपानी निवासी 36 वर्षीय निर्मल तिग्गा आ. स्व. छंदू तिग्गा 10 दिसंबर की शाम 5 बजे बस से उतरकर पैदल घर जा रहा था। इस दौरान ग्राम कूचमुड़ा के समीप तेज रफ्तार बाइक चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए युवक को टक्कर मार दी थी। इस घटना में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था जिसके संजीवनी 108 एम्बुलेंस की मदद से फरसाबहार अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां से गंभीर हालत में उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया गया था। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपचार के दौरान देर शाम उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है और घटना की जांच की जा रही है।

### साल के 5 गोला समेत पिकअप जब्त

# तड़के पुलिस टीम ने पिकअप से बरामद की इमारती लकड़ी



जब्त लकड़ी लोड पिकअप।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा पुलिस ने आज तड़के इमारती लकड़ी तस्करी के मामले में कार्रवाई की है। पुलिस टीम ने पिकअप से साल की लकड़ी बरामद की है जिसकी कीमत एक लाख रुपए से अधिक बताई जा रही है। बड़ी बात यह है कि पुलिस द्वारा की गई इस कार्रवाई से वन विभाग की पोल भी खोलकर रख दी है। वन परिक्षेत्र से लकड़ी की इमारती लकड़ी की कटाई और उसके तस्करी की जानकारी वन विभाग को नहीं लग पाई। ऐसे में वन विभाग की कार्यशैली पर भी सवाल उठाए जा रहे है। हालांकि वन विभाग द्वारा जब्त की गई लकड़ी को अग्रिम कार्रवाई के लिए वन विभाग के सुपुर्द कर दिया गया है।

**खास बात**

- किया गया वन विभाग के सुपुर्द

बताया जा रहा है कि मणिपुर थाना की पुलिस को आज तड़के 4 बजे मुखबिर के जरिए सूचना मिली एक पिकअप में अवैध रूप से इमारती लकड़ी की तस्करी की जा रही है। सूचना मिलने के बाद एसपी सुनील शर्मा के निर्देश पर एएसपी पुपलेश कुमार व सीएसपी स्मृतिक राजनाला के मार्गदर्शन में पुलिस द्वारा भिट्ठीकला और मेंड्राकला के बीच नाकेबंदी की गई। इस दौरान पुलिस द्वारा जब पिकअप क्रमांक यूपी 64 बीटी 8536 को रोककर उसकी तलाशी ली गई तो पिकअप के अंदर से इमारती लकड़ी बरामद की गई। पिकअप में साल की लड़की का पांच गोला बरामद किया गया। जब्त किए गए साल लकड़ी की कीमत लगभग एक लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस द्वारा लकड़ी समेत पिकअप को जब्त कर थाने लाया गया जहां से उन्होंने मामले की जानकारी ⏭ शेष पेज 4 पर

### जंगल से साल लट्ठा के साथ पिकअप वाहन जब्त, तस्कर फरार

**वाड्रफनगर।** वन विभाग ने अवैध रूप से इमारती लकड़ी की तस्करी के मामले में कार्रवाई की है। पुलिस ने पिकअप से साल लट्ठा बरामद किया है जिसकी कीमत एक लाख रुपए से अधिक बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि वन विभाग को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि पिकअप से लकड़ी तस्करी का प्रयास किया जा रहा है। सूचना के बाद डीएफओ विवेकानंद झा के निर्देश पर उप वन मंडलाधिकारी अनिल सिंह पैकरा, वन परिक्षेत्र अधिकारी रामनारायण राम के नेतृत्व में टीम द्वारा आज तड़के 4 बजे गोवर्धनपुर जंगल के कक्ष क्रमांक आरएफ 740 में पिकअप क्रमांक यूपी 64 बीटी 5935 की घेराबंदी की गई। इस दौरान पिकअप चालक मौके से फरार हो गया जबकि पिकअप से वन विभाग ने अवैध रूप से काटकर एकत्रित किए गए साल लट्ठा 2.656 घन मीटर बरामद किया है। जब्त किए गए इमारती लकड़ी की कीमत एक लाख रुपए से अधिक आंकी गई है। वन विभाग द्वारा भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 26 (1) क, 42 (1), 52, छ.ग. राज्य अभिवहन वनोपज नियम 2001 की धारा 22 (1), छ.ग. राज्य वनोपज व्यापार (विनिर्दिष्ट) अधिनियम 1969 की धारा 5 (1) के तहत कार्रवाई की गई है और आरोपी लकड़ी तस्करों की तलाश की जा रही है। टीम द्वारा पिकअप वाहन को भी राजसात करने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। कार्रवाई में वनपाल सुरेश प्रसाद यादव, पवन कुमार रूपौलिहा, लक्ष्मीशंकर शुक्ला, हरिश्चन्द्र यादव, श्रीमती मोनिका तिग्गा, जोसफिन केरकेट्टा, वनरक्षक सुनील कुमार पैकरा सहित अन्य वनकर्मी सक्रिय रहे।

- वन विभाग ने की कार्रवाई



# शादी के छह माह बाद नवविवाहिता ने लगाई फांसी, परिजन ने लगाया हत्या का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



मतिका की लाश को बाहर निकालते परिजन।

शहर के गोधनपुर में नव विवाहिता ने अज्ञात कारणों से आत्महत्या कर ली है। नव विवाहिता की लाश घर के कमरे में लटकी हुई मिली है। युवती की मौत के मामले में परिजन ने उसकी हत्या का आरोप ससुराल पक्ष पर लगाया है। मृतिका के पिता व चाचा का आरोप है कि शादी के बाद से ही उसे दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाता था। इसके साथ ही ससुराल पक्ष के लोगों द्वारा गांजा बेचने का व्यवसाय भी किया जाता था। मृतिका के परिजन ने पुलिस की मौजूदगी में घर से गांजे का पौधा भी बरामद कराया लेकिन मौके का फायदा उठाकर ससुराल पक्ष के लोगों ने गांजा के पौधा को गायब कर दिया। अब मृतिका के परिजन ने मामले में जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। बताया जा रहा है कि बलरामपुर जिले के अंतर्गत आने वाले ग्राम आरा के मांझापारा निवासी अब्दुल रऊफ की पुत्री रुखसाना खातून का विवाह छह माह पूर्व गोधनपुर निवासी राशिद मंसूरी से हुआ था। इस बीच आज परिजन को सूचना मिली थी कि नव विवाहिता ने घर के कमरे में ही फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली है। इस घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजन सबसे पहले गांधीनगर पुलिस थाने पहुंचे और पुलिस को मामले की जानकारी दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी जहां कमरे में नव विवाहिता की लाश लटकी हुई थी। पुत्री की लाश लटका हुआ देखकर परिजन में कोहराम मच गया। पुलिस द्वारा युवती की लाश को मार्ग कायम कर पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। वहीं इस घटना के मामले में परिजन ने ससुराल पक्ष पर पुत्री की हत्या का आरोप लगाया गया है। मृतिका के पिता अब्दुल रऊफ ने ⏭ शेष पेज 4 पर

- दहेज के लिए किया जाता था प्रताड़ित, परिजन ने कहा गांजा का अवैध कारोबार करते थे ससुराल पक्ष के लोग

### पुलिस की मौजूदगी में बरामद किया गया गांजा का पौधा



परिजन का आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोगों द्वारा गांजा का व्यवसाय किया जाता था। युवती के ससुराल में गांजा का पौधा उगाया जाता था और घर के लोग भी गांजा पीते थे। इस अवैध कारोबार का मृतिका विरोध करती थी और इस बात को लेकर भी उसे प्रताड़ित किया जाता था। आरोप है कि गांजा के अवैध कारोबार का विरोध करने पर ही उसकी हत्या कर दी गई है। मृतिका के चचेरे भाई व आरा के उप सरपंच मोहम्मद इकबाल ने बताया कि आज उन्होंने पुलिस की मौजूदगी में उनके घर के आंगन से गांजा बरामद किया। इस दौरान वीडियो ग्राफी भी की गई थी पुलिस द्वारा गांजा के विशाल पौधे की जब्ती भी बनाई गई लेकिन बाद में ससुराल पक्ष के लोगों ने जब्त किए गए गांजा के पौधा गायब कर दिया। हालांकि पुलिस का कहना है कि गांजा का पौधा घर में उगाया गया था इसके अभी सबूत नहीं मिले है और पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

### चल रही है जांच

नव विवाहिता के आत्म हत्या की जानकारी मिली थी। पुलिस द्वारा मर्ग पंचनामा कर घटना की जांच की जा रही है। परिजन ने प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। गांजा का पौधा कहां से आया इसकी भी जांच की जा रही है।

-**स्मृतिक राजनाला**, सीएसपी

# जंगली सूअर के शिकार हेतु लगाए गए करंट के फंदे में फंसकर युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

जंगली सूअर के शिकार हेतु लगाए गए हाईटेंशन तार के फंदे में फसने से एक युवक की मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस द्वारा जांच उपरान्त इस मामले में शिकार के लिए जाल बिछाने वाले दो आरोपियों को पकड़ने के साथ ही उनके पास से तार व अन्य हथियार बरामद किए है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मूलतः यूपी के अनपरा निवासी 36 वर्षीय संजय कसेर आ. गेंदुआ कसेर थाना अंतर्गत ग्राम नवकी अमाडांड में पत्नी बसपतिया के साथ ससुराल में घर जमाई बनकर रहता था। 2 दिसंबर की देर शाम लगभग आठ बजे पति पत्नी के बाद किसी बात को लेकर विवाह हुआ था और विवाद के बाद नाराज होकर संजय कसेर घर से बिना बताएं कहीं चला गया था। अगले दिन 3 दिसंबर को युवक की सास तिलासो बाई पति घरभरन कसेर को सूचना मिली थी कि परसागुड़ी के कर्मीडांड जंगल में बिजली करेंट की चपेट में आने से मौत हुई है। जब महिला घटना स्थल पर पहुंची तो मृतक की पहचान संजय कसेर के रूप में की गई थी जिसके बाद महिला ने घटना की शिकायत पुलिस से की थी। पुलिस द्वारा मामले में धारा 304 के तहत अपराध दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही थी। मामले में एसपी डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देश पर एएसपी चंद्रेश सिंह ठाकुर, एसडीओपी इमानुएल लकड़ा ने नेतृत्व में थाना प्रभारी आरके साहू व टीम द्वारा जांच की जा रही थी। जांच के दौरान पुलिस द्वारा परसागुड़ी बथानपारा निवासी 53 लग्गू राम आ. स्व. सोनार गोड़, महादेवपारा 52 वर्षीय रामदेव आ. स्व. कैलाश चेरवा को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने जलगी सूअर के शिकार हेतु हाईटेंशन 11 केवी लाइन से तार खींचकर फंदा बनाने और उसने संजय कसेर के फंसकर मौत की बात स्वीकार कर ली। पुलिस ने आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त लोहे की टंगिया, बसूला, तार को जब्त किया है। इस कार्रवाई में उप निरीक्षक प्रमोद पांडेय, एएसआई बोधसाय पैकरा, प्रधान आरक्षक श्याम लाल भगत, विष्णुकांत मिश्रा,आरक्षक संजय जायसवाल, लखेश्वर पैकरा, संतोष सिंह, रिंकू गुप्ता, महिला आरक्षक अनुपमा कपूर, सैनिक सुशील यादव सक्रिय रहे।

- पुलिस ने जांच के बाद दो आरोपियों को किया गिरफ्तार, शिकार के लिए लगाया गया था फंदा



पुलिस गिरफ्त में आरोपी व जब्त फंदा।

# सीएम के शपथ ग्रहण समारोह का होगा सीधा प्रसारण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सत्ता परिवर्तन और नई सरकार के गठन उपरान्त प्रदेश ने नए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के शपथ ग्रहण समारोह का जिला मुख्यालय से लेकर ग्राम पंचायतों में सीधा प्रसारण किया जाएगा। सीएम के शपथ ग्रहण समारोह में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल होंगे। सीएम के शपथ ग्रहण को लेकर भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है और इस कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन द्वारा तैयारियां की जा रही है।

बता दें कि प्रदेश के नव निर्वाचित मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अपने मंत्रिमंडल के सदस्यों समेत 13 दिसंबर को शपथ ग्रहण करेंगे। सीएम के शपथ ग्रहण का समारोह रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में होगा। सीएम के शपथ ग्रहण समारोह में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ ही केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांड़विया, छत्तीसगढ़ प्रभारी ओम माथुर, सह प्रभारी नितिन नवीन समेत अनेकों राज्यों के सीएम व अन्य नेता शामिल होंगे। सीएम एक कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जिलों में किया जाएगा। इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा भी बड़े पैमाने पर तैयारियां की गई है। सीएम के शपथ ग्रहण का समारोह दोपहर दो बजे शुरू होगा। कार्यक्रम के सीधा प्रसारण को लेकर जिला मुख्यालय के पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही ग्राम पंचायतों के पंचायत भवन में भी कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा। सीएम के शपथ ग्रहण समारोह को लेकर कलेक्टर कुंदन कुमार ने जिले में आवश्यक तैयारियां करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर के निर्देश पर ननि आयुक्त अभिषेक कुमार, जिपं सीईओ नूतन कंवर के साथ पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बैठक व्यवस्था, प्रसारण हेतु व्यवस्था, साफ-सफाई तथा सभी आवश्यक व्यवस्था तत्काल किए जाने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान अपर कलेक्टर एएल ध्रुव, सुनील नायक सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

- जिला मुख्यालय के साथ ही ग्राम पंचायतों में दिखाया जाएगा कार्यक्रम



तैयारियों का जायजा लेते प्रशासनिक अधिकारी।




